जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

22 फरवरी, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया ने ताइवान आर्थिक सांस्कृतिक केंद्र के साथ MoU साइन किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) ने भारत में ताइवान इकोनॉमिक कल्चरल सेंटर (टीईसीसी) के साथ MoU पर हस्ताक्षर किए, ताकि विश्वविद्यालय में Mandarin Chinese के शिक्षण और लर्निंग के लिए अकादमिक सहयोग को मजबूत किया जा सके। यह समझौता ज्ञापन जामिया और ताइवान के अन्य प्रमुख शैक्षिक और अनुसंधान संस्थानों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

जामिया के कुलसचिव प्रोफेसर नाज़िम हुसैन अल-जाफ़री और टीईसीसी, नई दिल्ली के शिक्षा विभाग के निदेशक पीटर्स चेन ने जामिया की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर और भारत में ताइवान आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के माननीय राजदूत बॉशुआन गेर की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर, माननीय राजदूत गेर ने उन अवसरों के बारे में बात की, जो भारतीय छात्रों के लिए Mandarin Chinese सीखने से प्राप्त होंगे, जिनके पास ताइवान की छोटी और मध्यम आकार की कंपनियों में प्लेसमेंट की संभावनाएँ होंगी, जो भारत में निवेश के अवसरों की तलाश कर रही हैं।

प्रो. नजमा अख्तर ने ज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों के विभिन्न डोमेन के साथ जुड़ाव के लिए ताइवान सरकार के समर्थन से जामिया में एक ताइवान अध्ययन केंद्र स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह में डीन, मानविकी एवं भाषा संकाय, प्रभारी- विदेशी भाषा विभाग और अन्य हितधारक उपस्थित थे।

स्मृति चिन्हों के आदान-प्रदान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ|

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया